तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बर्खास्त नगर सैनिक ने की आत्महत्या की कोशिश सैनिकों ने काम किया ठप, जिला सेनानी रायपुर अटैच




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी के ठेका श्रमिक आज कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

**कोरबा।** एनटीपीसी कामगार यूनियन के नेतृत्व में 28 जनवरी को ठेका श्रमिकों की समस्याओं को लेकर के सी जैन मार्ग से पदयात्रा निकाली जाएगी जो कलेक्टर कार्यालय तक जाएगी पदयात्रा में बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक भाग लेंगे। एनटीपीसी कामगार यूनियन के अध्यक्ष फागू राम कश्यप ने बताया कि पदयात्रा सुबह 9 बजे के सी जैन मार्ग से शुरू होकर दर्री बाजार, कोहड़िया, सीएसईबी चौक, घंटाघर, कोसाबाड़ी होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेगी। जहां ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में औद्योगिक विकास, निवेश को सुगम बनाने और हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सिंगल विंडो सिस्टम और भू-अर्जन से संबंधित लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनके समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निवेशकों को किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक बाधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें। स्वरोजगार एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहन जिले में नवीन निवेश और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर ने हितग्राही मूलक योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के प्रकरणों को फरवरी माह तक अनिवार्य रूप से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए।

### भगवती जागरण मंडल के 31वें भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**कोरबा।** हसदेव नदी के पावन तट पर भगवती जागरण मंडल द्वारा 31वें वर्ष में विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी सर्वमंगला की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें माता को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात कन्या पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता निभाई। महिलाओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर 56 भोग की सुंदर व्यवस्था की गई।

# केपीएल में स्थापित की जाएगी 800 मेगावाट की अल्टा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी यूनिट

## अडानी ग्रुप के चेयरमैन पहुंचे कोरबा, संयंत्र का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

औद्योगिक नगरी के लिए 77वां गणतंत्र दिवस एक बड़ी औद्योगिक सौगात लेकर आया। अदानी समूह के प्रमुख गौतम अदानी विशेष प्रवास पर कोरबा-चांपा मार्ग स्थित पताड़ी पॉवर प्लांट पहुंचे। अदानी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तीसरे चरण के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। अब यहां 800 मेगावाट की दो अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी यूनिट्स लगेंगी, जिनकी कुल लागत लगभग 15 हजार करोड़ रुपये होगी। इसकी पर्यावरणीय जनसुनवाई 27 फरवरी को सरगबुंदिया हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी।

अडानी ग्रुप के चेयरमेन गौतम अडानी के दौरे ने न केवल प्लांट के विस्तार को गति दी, बल्कि जिले के औद्योगिक मानचित्र पर एक नया अध्याय जोड़ दिया है। अपने प्रवास के दौरान गौतम अदानी ने प्लांट परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम और कोल हैंडलिंग प्लांट का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि संयंत्र प्रबंधन अब दूसरे चरण की 660 मेगावाट की इकाइयों को आगामी अप्रैल-मई तक शुरू करने की तैयारी में है। वहीं गौतम अदानी ने अधिकारियों को चौथे चरण के तहत 800 मेगावाट की दो और अतिरिक्त इकाइयों की स्थापना की संभावनाओं का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उनके साथ अदानी पॉवर लिमिटेड के आला अधिकारी विनीत जैन पूर्व आईएएस अमन सिंह और नरेश गोयल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। रायपुर जिले के रायखेड़ा में स्थित अदानी पावर प्लांट (केपीएल) की उन्होंने 26 जनवरी की सुबह विजिट की और वहां आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए। वहां से वे हेलीकॉप्टर के द्वारा कोरबा पहुंचे। हेलीकॉप्टर प्लांट परिसर में सीएचपी के निकट ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- अगले महीने के 27 फरवरी को सरगबुंदिया में आयोजित की जाएगी विस्तार चरण की जनसुनवाई



## पुण्यतिथि पर इंडस पब्लिक स्कूल में हुआ हवन-पूजन

# सत्य सेवा और संयम का सम्मिश्रण था चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन



हवन अनुष्ठान करते हुए।




कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सत्य, संयम और सेवा के साथ चौधरी मित्रसेन आर्य जी के लिए मानव सेवा ही सर्वोपरी रहा। गृहस्थ जीवन रहने के बाद भी उनका जीवन सामाजिक सेवा में सदा ही सर्वोपरी रहा है। चौधरी मित्र सेन आर्य जी की पूण्यतिथि पर दीपका का इंडस पब्लिक स्कूल हवन की आहूति से सुंगधित होते हुए वैदिक मंत्रोचारण से गूंज उठा।

**खास बात**

- वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंज उठा स्कूल का परिसर

इस परिवर्तनशील संसार में जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। महाराजा भतृहरि के इन महावाक्यों को चरितार्थ करता चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जीवन सत्य, संयम और सेवा का अद्भुत मिश्रण रहा। जिनके लिए स्वहित को छोड़ मानव हित ही सर्वोपरि रही। 15 दिसंबर 1931 को हरियाणा के हिसार जिले के खांडाखेड़ी गाँव में चौधरी शीशराम आर्य के घर में माता जीवो देवी की कोख से चौधरी मित्रसेन आर्य जी का जन्म हुआ। अपने पूर्वजों से मिले संस्कार व अपनी पत्नि के साथ चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने सन 1957 में रोहतक में एक लेथ मशीन के साथ अपना खुद का व्यवसाय शुरु किया। एक गृहस्थ व व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। चौधरी मित्रसेन आर्य जी के विचार थे हमें हर कार्य को करने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं यदि व्यक्तिगत रुप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उस कार्य को कदापि नहीं करना चाहिए। ऐसे महान विभूति के पुण्यतिथि के पावन अवसर पर दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। प्रातः प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन की विशेष आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हवन के आहुति देकर चौधरी मित्रसेन आर्य जी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि जीवन पर्यन्त परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन आर्य जी भले ही भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी हेतु प्रेरणास्त्रोत रहेगी। बेटियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी सुरक्षा के प्रति चौधरी मित्रसेन आर्य जी ने अभूतपूर्व कार्य किये हैं। इस पावन अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सतकर्मों के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं।जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य जी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए मिसाल एवं प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। अब इतने बड़े सफल उद्योगपति धनाढ्य एवं महान व्यक्तित्व के धनी थे। हवन के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा एक भजन प्रस्तुत किया गया। स्टाफ के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने क्रमशः चौधरी मित्रसेन आर्य जी के तेल्य चित्र पर उसे पुष्प अर्पित कर उनके आत्मिक शांति की प्रार्थना की।

### प्रतियोगिताओं का आयोजन

चौधरी मित्रसेन आर्य जी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु निबंध लेखन, ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिताएं चौधरी मित्रसेन आर्य जी के जीवन पर एवं उनकी उपलब्धियां पर आधारित थी। साथ ही चौधरी मित्रसेन आर्य जी आर्य क्विज प्रतियोगिता का भी विद्यालय में आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# अलग अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, जांच में जुटी पुलिस



खेत में पलटी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत बोड़ानाला निवासी राम नारायण मंझवार 15 साल पिता सुखसाय मंझवार, रुप साय मंझवार 22 वर्ष पिता समार सिंह सोमवार की शाम अपने मोटर साइकिल में सवार को बोड़ानाला से किसी काम से धनगांव जा रहे थे कि अजगरबहार व धनगांव के बीच में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे रामनारायण और रुपसाय गंभीर रुप से घायल हो गये जिसे उपचार के लिए स्थानीय राहगिरों की मदद से मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान रामनारायण मंझवार की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दिया है। इसी तरह दूसरी घटना करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत सूचक लक्ष्मीकांत उम्र पिता उमाशंकर खूंटे 28 साल निवासी वार्ड ब्याय जिला अस्पताल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 जनवरी को रात्रि योगेश यादव खाना खाकर बाहर रोड में टहलने के लिये निकला था उसी समय चार पहिया वाहन कार क्रमांक सीजी 12 बी एस 0376 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही खतरनाक ढंग से चलाते लाकर योगेश को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे ईलाज हेतु जिला अस्पताल कोरबा लेकर गये जहां डॉक्टर साहब द्वारा चेक कर मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 बी एस 0376 के चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह तीसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत समीर कुमार रात्रे गणतंत्र दिवस के अवसर पर कटघोरा मुकुटधर कालेज अपने दोस्त दिनेश मरावी के मोटर सायकल स्पेलडर क्रमांक सीजी 12 बीएच 6321 में सवार होकर सुबह 7 बजे घर से निकला था, जैसे ही काके ढाबा कसनिया के पास 7:30 बजे पहुंचा था उसी समय सामने तरफ से आ रही मारूति सीयाज कार क्रमांक सीजी 04 एचवी 5987 के चालक विकास कुमार कहार द्वारा अपने कार को तेज गति लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुये लाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे समीर कुमार रात्रे को गंभीर चोट आने से मौके पर ही फौत हो गया है। मामले में पुलिस ने सीयाज कार क्रमांक सीजी 04 एचवी 5987 के चालक विकास कुमार कहार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्यवाही में लिया गया।

**खास बात**

- कटघोरा, लेमरू और करतला थाना क्षेत्र का मामला

## साइलो आधारित लोडिंग प्रणाली से कोयले की गुणवत्ता में बढ़ी स्थिरता व पारदर्शिता

# कोल इंडिया ने ऑटोमेशन से बढ़ाया गुणवत्ता नियंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया व अनुषंगी कंपनियां बड़े पैमाने पर मशीनीकरण और स्वचालन के माध्यम से अपनी परिचालन क्षमता में काफी सुधार कर रहा है। कंपनी ऑटो मैकेनिकल सैंपलर्स के साथ एकीकृत साइलो-आधारित लोडिंग प्रणाली का विस्तार करके कोयले की गुणवत्ता में स्थिरता और पारदर्शिता बढ़ा रही है। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ गुणवत्ता-संबंधी विवादों को कम करना है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में लगभग 375 मिलियन टन कोयले का रेल द्वारा डिस्पैच किया, जिसमें से आधे में स्वचालित साइलो प्रणाली का उपयोग किया गया और इस वित्तीय वर्ष में इसे 80 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। दिसंबर 2025 तक ग्रेड अनुरूपता बढ़कर 85 प्रतिशत हो गई है, जो पिछले वर्ष 82 प्रतिशत थी, जो इन गुणवत्ता नियंत्रण उपायों की सफलता को दर्शाता है। इस विस्तार का समर्थन करने के लिए फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं में पर्याप्त निवेश की योजना है। गुणवत्ता में ये सुधार कोयला इंडिया के लिए एक गतिशील ऊर्जा बाजार में एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की व्यापक रणनीतिक अनिवार्यता को रेखांकित करते हैं। कोयला लोडिंग और सैंपलिंग में मशीनीकरण और स्वचालन की ओर कंपनी की आक्रामक पहल सीधे तौर पर गुणवत्ता परिवर्तनशीलता के बारे में ऐतिहासिक उपभोक्ता चिंताओं को संबोधित कर रही है। यह ध्यान न केवल परिचालन मैट्रिक्स को बेहतर बनाने पर है, बल्कि ग्राहक संबंधों को मजबूत करने और संभावित विवादों को कम करने पर भी है, जिससे उसके उत्पादों की सुचारू बिक्री सुनिश्चित हो सके। कोल इंडिया उन्नत मशीनीकरण और स्वचालन के माध्यम से लगातार कोयले की गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। कंपनी तेजी से साइलो-आधारित लोडिंग प्रणाली के माध्यम से कोयला प्रेषण बढ़ा रही है, जिसमें स्वचालित मैकेनिकल सैंपलर्स शामिल हैं। यह तकनीक ईंधन आपूर्ति समझौतों के अनुसार, निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय कोयला गुणवत्ता निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई है। पारदर्शिता और उपभोक्ता विश्वास को और बढ़ावा देने के लिए, कोल इंडिया पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन द्वारा अनुमोदित 11 स्वतंत्र थर्ड पार्टी सैंपलिंग एजेंसियों को नियुक्त करता है, जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मूल्यांकन के लिए अपनी पसंदीदा एजेंसी चुनने की अनुमति मिलती है। वित्तीय वर्ष 2026 के पहले 9 महीनों के दौरान, कोल इंडिया ने रेल द्वारा लगभग 375 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया, जिसमें से आधे प्रेषण ऑटो मैकेनिकल सैंपलर्स से लैस साइलो से संसाधित किए गए। कंपनी ने इस वित्तीय वर्ष में इस अनुपात को 80 प्रतिशत तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे नई फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कमीशनिंग और विस्तारित साइलो लोडिंग क्षमता के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है।



फाइल फोटो

### समग्र ग्रेड अनुरूपता में हुई वृद्धि

इन तकनीकों के रणनीतिक कार्यान्वयन से कोयले की गुणवत्ता में ठोस सुधार हो रहे हैं। दिसंबर 2025 तक, टीपीएसए और रेफरी लैब विश्लेषण के आधार पर कोल इंडिया की समग्र ग्रेड अनुरूपता बढ़कर 85 प्रतिशत हो गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 82 प्रतिशत थी। साइलो लोडिंग के चल रहे विस्तार से इस अनुरूपता दर में और वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके साथ ही, कोल इंडिया दो सहायक कंपनियों में ऑनलाइन विश्लेषण प्रणालियों का पायलट परीक्षण कर रहा है ताकि वास्तविक समय में गुणवत्ता मूल्यांकन सक्षम हो सके, जिससे पारदर्शिता के लिए तकनीक एकीकृत हो सके।


## हरिभूमि

### जन्मदिन उत्सव
### उपहार वितरण सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 29 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।

**समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।**

**नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।**

## खबर संक्षेप

### सौतेले भाई ने युवक पर किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** सौतेले भाई ने अपने ही भाई के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, झोपड़ापारा निवासी गोविंद कोसले पिता रमेश कोसले 25 जनवरी को रेलवे स्टेशन बारह खोली में लंगर बंटने पर खाना लेने गया था। इसी दौरान वहां उसका सौतेला भाई राजा कोसले मिला और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लड़की की वीडियो बनाने पर छात्र को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** डांस में लड़की का वीडियो बनाने पर युवकों ने छात्र के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी स्कूल के कक्षा 11 वीं का छात्र दोस्तों के साथ 26 जनवरी को कछार स्कूल में प्रोग्राम देखने गया था। डांस के दौरान एक लड़की ने उसे अपना मोबाइल देकर डांस करते हुए वीडियो बनाने के लिए कहा। वह लड़की का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान दुर्गेश भोई, रितिक भोई, हेमलाल साहू ने वीडियों क्यों बना रहे हो कहते हुए उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दो सूने मकानों से जेवर व सामान पार

**बिलासपुर।** चोरो ने दो सूने मकानों में धावा बोलकर जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विजयापुरम अटल आवास निवासी मनीषा श्रीवास शहर से गई हुई है। मकान की देखरेख उसकी मां गनियारी घोंघाडीह निवासी जमंतरी श्रीवास करती है। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरो ने उक्त मकान से चांदी के जेवर, बैंक पासबुक, एटीएम, स्कूटी के कागजात, एसी का डिब्बा सहित 50 हजार का सामान चोरी कर लिया। दूसरी घटना में सकरी पुलिस के अनुसार सहगल गली निवासी राजकुमारी कश्यप की घुरू सिद्धी विनायक नगर में एक और मकान है। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने उक्त मकान से 5 फेन, 27 नग नल की टोटी, 3 पीतल का सावर, बर्तन सहित 75 हजार का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** तेज कार की टक्कर से ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, ग्राम बरर निवासी केवल सिंह पेंद्रो 50 साल मंगलवार को घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान अज्ञात तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में केवल सिंह की मौत हो गई है। पुलिस कार के पतासाजी में जुट गई है।

### असामाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात, की मारपीट

**अंबिकापुर।** गणतंत्र दिवस के दिन शहर के वाटर पार्क में युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों के अलग अलग गुट के साथ ही युवतियों ने आपस में जमकर मारपीट की जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। दिनभर चली मारपीट और उत्पात का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है। बता दें कि सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर सहित जिलेभर के उद्यान, पर्यटन स्थल गुलजार रहे। बड़ी संख्या में लोगों अपने परिवारों के साथ घूमने फिरने के लिए निकले थे। इस दौरान शहर के वाटर पार्क में भी इस बार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ वाटर पार्क घूमने के लिए आए थे। इस दौरान वाटर पार्क में अलग अलग गुटों के बीच मारपीट की घटनाएं भी सामने आई। युवकों ने आपस में जमकर मारपीट की।

### राशि को खर्च करने के बाद वहां से जितनी आय निगम को होनी चाहिए उतनी नहीं हो रही

# आय बढ़ाने कई प्रोजेक्ट पर खर्च किया 200 करोड़, अब वही निगम के लिए बन गए बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझने के बाद नगर निगम ने अपनी आय बढ़ाने के लिए दर्जनों प्रोजेक्ट शुरू किए लेकिन उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। आम जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा निगम की आय बढ़ाने के लिए खर्च तो कर दिया, लेकिन उस राशि को खर्च करने के बाद वहां से जितनी आय निगम को होनी चाहिए उतनी नहीं हो रही है। ऐसे में अब निगम की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होने लग गए हैं। निगम के कुछ बड़े प्रोजेक्ट जिन पर करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं, उनमें एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग, शहर के विभिन्न जगहों पर बनाई गईं दुकानें जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके अलावा कई ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो आज निगम संचालित तो कर रहा है लेकिन उनसे आय नहीं हो रही है।

**एसटीपी, मल्टीलेवल पार्किंग, शहर के विभिन्न जगहों पर बनाई गईं दुकानें जैसे प्रोजेक्ट शामिल**







**मल्टीलेवल पार्किंग खाली पड़ी** कलेक्टोरेट और सिटी कोतवाली परिसर में लगभग 40 हजार वर्गफीट में दो मल्टीलेवल कार पार्किंग का निर्माण किया गया है। करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए मल्टीलेवल कार पार्किंग में बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के अलावा दो फ्लोर और बनाया गया है। जिसमें 257 कार और 333 बाइक पार्किंग की क्षमता है लेकिन आलम यह है कि कलेक्ट्रेट से लेकर जिला न्यायालय और जिला पंचायत कार्यालय के बाहर रोड पर गाड़ी पार्क किए जा रहे हैं, जबकि कलेक्टोरेट से बमुश्किल 50 मीटर के दायरे में इस बड़े मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा चुका है। प्रशासन ने पहले यहां गाड़ियां खड़ी करने के लिए शुल्क तय किया था जो कि अब फ्री कर दिया गया है। अब इसका मेंटेनेंस भी निगम को करवाना पड़ रहा है तो यहां दो स्टाफ रखे गए हैं जिसका खर्चा निगम और स्मार्ट सिटी उठा रही है। कोतवाली की पार्किंग भी खाली ही रहती है।

#### विज्ञापन एजेंसियां लगा रही चूना

नगर निगम विज्ञापन से भी आय अर्जित करता है, लेकिन शहर में अवैध तरीके से होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। बस स्टैंड, गार्डन व अन्य जगहों पर विज्ञापन से निगम को आय नहीं हो रही है। सिटी बस ज्यादातर खराब हो गई हैं। कुछ बसें चल रहीं, लेकिन निगम कर्मचारियों के खर्चे भी नहीं निकाल पा रहा है। जोन कार्यालयों के माध्यम से कराए गए सर्वे में नगर निगम एरिया के अंदर 300 से अधिक अवैध होर्डिंग चिन्हित किए गए हैं। ये होर्डिंग उन एडवरटाइजर्स के हैं, जिन्होंने निगम से लाइसेंस तो लिया है, परंतु वह सीमित होर्डिंग का ही शुल्क चुकाते हैं, जबकि 80 से 85 फीसदी इनके अवैध होर्डिंग हैं।

#### 65 करोड़ की एसटीपी से कमाई नहीं

अरपा नदी में जाने वाले नालों के गंदे पानी को एसटीपी से साफ कर उद्योगों को बेचने के लिए निगम ने 2018 में प्रस्ताव तैयार किया। दो मुहानी और चिल्हाटी में 65 करोड़ रुपए खर्च करते चिल्हाटी में 17 एमएलडी तथा दोमुंहानी में 54 एमएलडी के एसटीपी की स्थापना की गई है। विडंबना है कि प्रोजेक्ट के संचालन के 12 साल बाद भी एसटीपी की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। उक्त संयंत्रों से क्रमशः 1.5 एमएलडी और 2.5 एमएलडी दूषित जल का ही उपचार किया जा रहा है। इस पानी को एनटीपीसी को बेचकर कमाई करने की भी योजना बनी थी जो कि कागजों से बाहर नहीं आ सकी। 5 साल बाद भी अनुबंध नहीं हो सका है।

#### निगम की दुकानें हो रहीं कबाड़

निगम द्वारा बनवाई गई ज्यादातर दुकानें बिक ही नहीं रही हैं। आरके नगर, मोपका, तिफरा में दुकानों के आबंटन के लिए कई बार टेंडर निकाला गया लेकिन हर बार गड़बड़ी या दूसरे कारणों से इसमें समस्या आती रही है। इसके अलावा अन्य दुकानों से भी निगम को उम्मीद के अनुसार आय नहीं हुई। जबकि इन दुकानों के निर्माण पर निगम ने 50 करोड़ से ज्यादा का खर्च किया है। नेहरू नगर में निगम ने महिला समृध्दि बाजार बनाया है। दुकानों को किराए से दिया भी गया है लेकिन इसका किराया निगम को सालों से नहीं मिल रहा। निगम ने 14 दुकानों को सील भी किया है।

#### आवंटन पूरा कर लिया गया है

दुकानों का आबंटन लगभग पूरा कर लिया गया है। कुछ दुकानें खाली हैं जिनके लिए नए सिरे से टेंडर निकाला जा रहा है। दुकानों का समय पर किराया नहीं जमा करने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है। होर्डिंग्स लगाने वाले और विज्ञापन एजेंसियों को भी डिमांड नोट जारी किया गया है। मल्टीलेबल पार्किंग ट्रैफिक व्यवस्था के लिहाज से जरूरी है। शहरवासियों को इसका उपयोग करना चाहिए। इससे वे पेनाल्टी की कार्रवाई से भी बच सकते हैं।

\- खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त

**50 करोड़ का काम प्रभावित**



# 300 से अधिक बैंक के कर्मचारी रहे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

5 डे वर्किंग की मांग को लेकर देशभर समेत बिलासपुर में भी 300 से अधिक बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। बैंकों में ताले लटके हुए मिले और प्रदर्शन किया गया। बैंकों में यह लगातार चौथे दिन काम नहीं हुआ जिससे लोग परेशान हुए। करीब 50 करोड़ का काम प्रभावित हुआ। ध्यान रहे कि इससे पहले शनिवार, रविवार के साथ गणतंत्र दिवस पर सोमवार को छुट्टी थी। ऐसे में बैंक से जुड़े काम नहीं हो पाए।

- 5 डे-वर्किंग की मांग
- ठप रहीं सेवाएं

दरअसल, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने सप्ताह में 5 दिन काम प्रणाली को तुरंत लागू करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर 27 जनवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। इसका असर जिले में भी साफ तौर पर दिखा।इससे आम लोगों को परेशानी बढ़ गई है।

#### लगातार चौथे दिन बैंकिंग सेवाएं ठप

बता दें कि, पिछले 4 दिनों से लगातार बैंकिंग सेवाएं बाधित हैं। 24 जनवरी को दूसरा शनिवार, 25 जनवरी को रविवार और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कारण बैंक पहले ही बंद थे। अब 27 जनवरी को हड़ताल के चलते ग्राहकों को कैश लेन-देन, चेक क्लियरेंस और अन्य बैंकिंग काम में परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि अधिकांश सरकारी बैंकों ने हड़ताल को लेकर अपने ग्राहकों को पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। वैकल्पिक माध्यमों जैसे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम का उपयोग करने की सलाह दी गई थी।

हालांकि, प्राइवेट बैंक खुले रहे। खास तौर फाइनेंस वाले बैंकों में रोजाना की तरफ काम हुआ। बैंक कर्मचारियों ने कहा कि सरकार हमारी बात नहीं मान रही है इसलिए हम लोग एक दिन का वेतन कटवाकर हड़ताल कर रहे हैं।

#### 12 सार्वजनिक बैंकों की सेवाएं प्रभावित रहीं

बैंक अधिकारियों के मुताबिक जिले में करीब 300 बैंक शाखाएं प्रभावित हैं। इसमें करीब 3 हजार बैंक अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक समेत 12 सार्वजनिक बैंकों की सेवाएं प्रभावित रहीं। हालांकि, इस हड़ताल का असर निजी बैंकों पर नहीं पड़ा। एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस, कोटक महिन्द्रा, यस बैंक, आईडीएफसी और बंधन सामान्य रूप से खुले रहें और यहां बैंकिंग सेवाएं जारी रहीं।

# ज्वेलरी शॉप व तीन मकानों में चोरी का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीसीटीवी फुटेज से ज्वेलरी शॉप व तीन सूने मकानों में चोरी करने वाले 4 युवकों को पकड़ने में सिविल लाइन पुलिस को सफलता मिली है। चारों युवकों के कब्जे से साढ़े चार लाख के जेवर व नकद रकम जब्त किया गया है। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

- साढ़े चार लाखर व नकद जब्त

24 जनवरी की रात मंगला बस्ती के आगे मां ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर सीसीटीवी कैमरे में पालिथीन व कपड़ा लगाकर जेवर चोरी कर लिया गया था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू ने स्टाप के साथ दुकान का मुआयना कर टीम गठित कर चोरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया।

एसआई अमृत साहू, विष्णु साहू, आरक्षक आशीष राठौर, विरेन्द्र राजपूत, पुन्नी खाण्डे, केशव मार्को ने अगल बगल के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज निकालकर आसपास के लोगों से पहचान कराई तो एक युवक की पहचान हो गई। उसके आधार पर पुलिस मंगला आजाद में संदिग्ध के घर दबिश देने गई तो घर के पास आग ताप रहे संदिग्ध सहित दो युवक भागने लगे। दूसरी ओर से आ रहे पुलिसकर्मियों ने भागते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर दोनों ने अपने अन्य दो साथियों के साथ ज्वेलरी शॉप में चोरी करना स्वीकार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

उनकी निशानदेहीं पर पुलिस ने रतनपुर परसदा से उनके दोनों साथियों को पकड़ लिया। पूछताछ में चारों ने ज्वेलरी शॉप के अलावा, शुभम विहार सनसिटी, कुदुदण्ड चांदनी चौक, आकाश मार्ग मैत्री विहार कालोनी के सूने मकानों में चोरी करना स्वीकर कर लिया है। उनके कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए 1 किलो चांदी, सोने के आर्टिफिशियल जेवर, नकद रकम जब्त कर लिया है। पुलिस ने चारों युवकों गिरफ्तार कर लिया है।

#### पकड़े गए आरोपी

- सोनू उर्फ शिवा सूर्यवंशी पिता स्व. विश्वनाथ सूर्यवंशी 20 साल आजाद चौक मंगला
- राहुल सूर्यवंशी पिता राजेश सूर्यवंशी 19 साल आजाद चौक मंगला
- आदित्य सूर्यवंशी पिता सुखनाथ सूर्यवंशी 19 साल आजाद चौक मंगला
- नंद कुमार केंवट पिता सहोरिक केंवट 19 साल पटेल भवन मंगला

**नाली में छिपाकर रखे थे जेवरः** ज्वलेरी शॉप में चोरी करने के बाद चारों युवक मंगला पेट्रोल पंप के पीछे गए और जेवर आपस में बाट लिया। दो युवकों ने अपने हिस्से के जेवर पोलोथीन में बंधकर नदी में छिपा दिया था। पुलिस ने नाली के अंदर से जेवर निकालकर बरामद किया है। वहीं दो युवक जेवर अपने साथ ले गए थे।

# ट्रांसफार्मर से झांक रहे तारे मेंटनेंस के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रांसफार्मरों से निकलती चिंगारी और झुलते हुए तारों से आम आदमी अक्सर डरा सा रहता है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इसकी मरम्मत और रखरखाव को लेकर उदासीन रवैया रखते है। यही कारण है कि शहर के हर कोने में बेतरतीबी से लगाए गए ट्रांसफार्मर दिखाई देते है। ट्रांसफार्मर के नीचे लगे जक्शन बाक्स से तार झांकती रहती है, जबकि ग्रीप गायब हो चुके है। जिससे टम्परी तरीके से रखा जाता है।

- ना जक्शन बाक्स बदला ना ही बिखरे तारों को समेट पाया विभाग

ट्रांसफार्मर बिजली आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। इनकी उचित देखभाल न होने से बिजली गुल होती है। नियमित निरीक्षण, समय पर मरम्मत और गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने के कारण ट्रांसफार्मरों खराब होते है। सबसे खास बात यह है कि ज्यादातर ट्रांसफार्मर शहर के भीड़ भाड़ इलाकों में है जहां खुले में तार आसानी से दिखाई देते है। कई बार इन तारों से चिंगारी निकलती रहती है और पिछले साल गर्मी माह में एक के बाद एक 6 ट्रांसफार्मर में आग लग चुकी है। नेहरू नगर, सरकंडा, सरजू बगीचा, बसस्टैंड, कतियापारा, अशोक नगर जैसे इलाकों में आसानी से खुले ट्रांसफार्मर के बक्से देखे जा सकते है। जिससे बिजली बाधित रहती है। फ्यूज कॉल के भरोसे चल रहे मेंटनेंस में ना तो कुशल कर्मचारियों है। जिससे हर बार ट्रांसफार्मर खराब होने की नौबत आती है।





#### इलाकों में असुरक्षित है लोग

कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर बहुत ही असुरक्षित तरीके से लगाए गए है। ट्रांसफार्मर लगाने में विद्युत विभाग की लापरवाही आमजन के लिए खतरनाक हो सकती है। असुरक्षित और लापरवाही से लगाए गए ट्रांसफार्मर से किसी की भी जान जा सकती है। संवेदनशील ट्रांसफार्मर के आसपास एक बाड़ भी लगाई जा सकती है लेकिन इस ओर बिजली विभाग ध्यान ही नहीं देता है।

#### प्रशिक्षित कर्मचारियों का अभाव

विद्युत वितरण कंपनियों में ज्यादातर स्टाफ ठेकाकर्मी है। नियमित एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों का भी अभाव है। बिजली कंपनियों के पास पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं। यही कारण है कि ट्रांसफार्मरों की नियमित रूप से तकनीकी जांच और मॉनिटरिंग नहीं हो पाती है। इससे हादसों का डर बना रहता है।

#### गर्मी से पूर्व दुरूस्त किया जाएगा

ट्रांसफार्मरों का रखरखाव किया जाता है, गर्मी से पूर्व ट्रांसफार्मर को दुरूस्त किया जाएगा, और उनकी क्षमता भी बढ़ाई जाएगी।

-श्रीनिवास राजू, एसई, बिजली विभाग

# ट्रेलर की टक्कर से दो छात्रा घायल, लोगों ने चालक को पकड़ किया पुलिस के सुपुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्कूल जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी दो छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों छात्रा घायल हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है।

जानकारी के अनुसार सेदम कमलेश्वर साहू की बेटी हेमा साहू आज सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होकर घर के सामने खड़ी थी जबकि वहीं सेदम हाई स्कूल जा रही कक्षा नवमी की छात्रा रितिका साहू आ. जगदीश साहू दोनों सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 सीटी 2455 का चालक श्रीपटी थाना के चिल्ड निवास सत्यम यादव आ. सूरज यादव (30 वर्ष) लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों छात्राओं को टक्कर मार दी वहीं वाहन में फंस जाने से रितिका साहू 20 मीटर तक घसीटते रही जो छिटक कर दूर जा गिरी। चालक घटना स्थल से ट्रेलर लेकर भागने लगा तो ग्रामीणों ने पीछा कर चालक को मंगारी के समीप पकड़ पुलिस के सुपुर्द किया है। चालक सत्यम ने बताया कि झपकी आने से यह दुर्घटना हुई। ट्रेलर को दिल्ली से रायगढ़ लेकर जा रहा था और घटना के बाद डर से भाग रहा था। इधर घायल छात्राओं को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है।

#### सड़क पर उतरे आक्रोशित ग्रामीण

एनएच 43 पर ट्रेलर की टक्कर से दो छात्राओं के घायल होने पर ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और आए दिन हो रही दुर्घटना के विरोध में सड़क पर उतर गए। इधर एनएच 43 पर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही सीतापुर एसडीएम राम सिंह ठाकुर, एसडीओपी राजेन्द्र मंडावी, तहसीलदार गोविंद सिन्हा, बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर टीम साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सेदम हाई स्कूल, ईश्वर सोनी के घर पास, बाजार डांड़ पास ब्रेकर बनवाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

**धान खरीदी के आखिरी तीन दिन शेष**

# 857 किसानों का सत्यापन अभी भी बाकी, टोकन की लिमिट बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को अब अंतिम तीन दिन शेष रह गए हैं।

- 61 सौ किसानों ने किया टोकन के लिए आवेदन

मंगलवार को जिले से 61 सौ किसानों द्वारा धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने आवेदन दिया गया था, जिसके अंतर्गत 52 सौ किसानों का सत्यापन किया गया। 857 किसानों का सत्यापन शेष है। 15 नवंबर से प्रारंभ की गई धान की खरीदी अब केवल तीन दिनों तक और की जाएगी। 30 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिन है। प्रशासन के अनुसार सभी खरीदी केंद्रों में खरीदी के लिए टोकन की लिमिट बढ़ाई गई है, जिससे किसानों को दिक्कत नहीं होगी। मंगलवार की स्थिति में धान बेचने के लिए शेष किसानों में से 6 हजार 166 लोगों ने टोकन के लिए उपार्जन केंद्रों में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके अंतर्गत 5 हजार 259 किसानों के भौतिक सत्यापन किए गए थे। इसी तरह 857 किसान अब भी भौतिक सत्यापन के लिए शेष हैं। जिन किसानों से सत्यापन के दौरान मौके पर धान की उपलब्धता नहीं पाई जा रही है उन किसानों द्वारा अपना रकबा समर्पण भी किया जा रहा है। ध्यान रहे कि प्रशासन द्वारा दूसरे जिलों से भी धान के अवैध आवागमन को रोकने के उद्देश्य से जिले में आठ स्थानों पर बैरियर लगाए गए थे।

#### पांच राइस मिल सील, 57 करोड़ का धान जब्त

इस साल की धान खरीदी में प्रशासन ने चौतरफा कार्रवाई की है। न केवल छोटे स्तर के बिचौलियों, बल्कि मगरमच्छों को भी निशाने पर लिया गया है। प्रशासन ने राइस मिलों में भी लगातार छापामार कार्रवाई कर बड़ा संदेश दिया है। इसके अंतर्गत कोटा के हरिकिशन फूड्स नामक राइस मिल से साढ़े सात करोड़ का धान, केसला बिल्हा से गायत्री फूड प्रोडक्ट से पौने सात करोड़ का धान, अमरनाथ एग्रो सिरगिट्टी से पौने सत्रह करोड़ का धान एवं खपरी तखतपुर से सर्वाधिक 25 करोड़ का धान जब्त किया गया है। प्रशासन ने सभी मिलों को सील करते हुए कुल 57 करोड़ का धान जब्त किया है।

#### टोकन के लिए हर रोज मारामारी

इस साल धान खरीदी के प्रारंभ से सरकार ने टोकन जारी करने को लेकर कंजूसी दिखाई है। उपार्जन केंद्रों को प्रतिदिन की खरीदी लिमिट ही इतनी कम दी गई कि खरीदी के अनुपात में टोकन काटे ही नहीं जा सके। लिहाजा किसानों को लिमिट बढ़ने के इंतजार में बैठे रहना पड़ा।

#### आसानी से हो रही खरीदी

61 सौ किसानों ने टोकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। इनमें से 52 सौ के सत्यापन किए गए हैं। करीब 9 सौ किसान सत्यापन के लिए शेष हैं। उपार्जन केंद्रों में खरीदी की लिमिट भी बढ़ाई गई है, जिससे सारे किसानों से धान खरीदी आसानी से हो सकेगी।

-उपेंद्र कुमार, डीएमओ

# साप्ताहिक बाजार के समीप कार की टक्कर से तीन ग्रामीण हुए घायल, कई बाइक क्षतिग्रस्त



**बिश्रामपुर।** जमशेदपुर से शहडोल जा रहे मारुति ब्रेजा कार चालक ने साप्ताहिक बाजार जयनगर में कुछ लोगों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी है,दुर्घटना में तीन ग्रामीणों को चोटें लगी हैं,गौरतलब है कि एनएच से सटे ग्राम जयनगर में सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगा था,इसी बीच जमशेदपुर से शहडोल जा रही मारुति ब्रेजा वाहन क्रमांक जेएच 05 ईबी 4321 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एनएच 43 पर जयनगर में सड़क पार कर रहे ग्राम कोरेया आमापारा निवासी 18 वर्षीय आकाश सिंह पिता ननका,ग्राम गणेशपुर निवासी 38 वर्षीय जगदेव यादव पिता मानिक प्रसाद यादव व ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी 35 वर्षीय देवानंद देवांगन पिता संत राम को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कई बाइक को टक्कर मार दी है,दुर्घटना की सूचना पर जयनगर पुलिस घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भिजवाकर दुर्घटनाकारित मारुति ब्रेजा कार को जब्त कर लिया है,दुर्घटना उपरांत यहां पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई थी।

#### गणतंत्र दिवस पर मांस तस्करी करने के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

गणतंत्र दिवस पर मांस तस्करी होने की सूचना पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुरवां में डेम के पास मृत मवेशी के मांस तस्करी की सूचना मिलते ही दबिश दी गई,यहां पर ग्राम केशवनगर शिवरियापारा निवासी 55 वर्षीय जुगेंद्र सारथी पिता अमर साय, 50 वर्षीय कांति सारथी पति जुगेंद्र सारथी, 45 वर्षीय रघु तिर्की पिता जीवनुश तिर्की, 25 वर्षीय प्रशांत टोप्पो पिता कमीर साय को पकड़कर आरोपियों के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही की गई है।

## जिला स्तरीय समारोह में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया ध्वजारोहण

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में 77वें गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह का आयोजन हुआ। श्री वर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। जिला स्तरीय समारोह में इस वर्ष राष्ट्रगान के साथ-साथ राष्ट्रीय गीत का भी सस्वर गायन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के शहीदों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंट कर विशेष सम्मान किया गया और वीर सेनानियों की शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### खास बातें

- शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित
- आकर्षक मार्च पास्ट सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सुबेदार अनंत राम पैंकरा के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल, जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष, वन रक्षक, एनसीसी सीनियर बालक-बालिका, स्काउट दल सीनियर, गाईड दल सीनियर की टीम ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। हर्ष फायर कर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। परेड में जिला पुलिस बल को मिला प्रथम स्थान - मार्च पास्ट में 10 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रोफेशनल वर्ग में जिला पुलिस बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वन रक्षक बल वन विभाग ने द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान मिला। समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा को प्रथम स्थान, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को द्वितीय स्थान, डीडीएम पब्लिक स्कूल को तृतीय पुरस्कार और न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल तथा जैन पब्लिक स्कूल, गोढ़ी को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



ध्वजारोहण करते राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा।



परेड को सलामी देते सशस्त्र बल के जवान।

### स्वास्थ्य विभाग की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में 14 शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक और जीवंत झांकियों का प्रदर्शन किया गया। समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, वनमण्डल कोरबा की झांकी को द्वितीय और नगर पालिका निगम कोरबा की झांकी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री दुदावत ने इस मौके पर जिला कार्यालय परिसर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना भी की। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने देशभक्ति से संबंधित भाषण, गीत और कविता प्रस्तुत किए। इसी तरह कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपने कलेक्टर आवास में भी ध्वजारोहण किया।

### नगर से लेकर स्कूल तक गूंजा राष्ट्रगान, जगह जगह हुआ ध्वजारोहण




गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कटघोरा नगर के विभिन्न शासकीय एवं सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहाँ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्रगान गाया। नगर पालिका परिषद कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी, सभी वार्ड पार्षद, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं कटघोरा थाना परिसर में थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर थाना स्टाफ द्वारा राष्ट्रगान गाया गया और संविधान के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया गया। कटघोरा वनमंडल कार्यालय में डीएफओ कुमार निशांत ने तथा जनपद पंचायत कटघोरा कार्यालय में जनपद अध्यक्ष झुलबाई गोविंद सिंह कंवर ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी।

### निगम की झांकी को मिला तीसरा स्थान

कोरबा के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की गई झांकियो में नगर पालिक निगम कोरबा की झांकी को तीसरा स्थान मिला। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के हाथों महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पांडे ने ट्रॉफी ग्रहण की। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निगम द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों व प्राप्त उपलब्धियां पर आधारित निगम की उक्त झांकी ने कोरबा के जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित लोगों के मन को आकर्षित किया और लोगों ने झांकी की जमकर सराहना की। उक्त झांकी में यह प्रदर्शित किया गया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना से कच्ची खपरैल झोपड़ी में निवास करने वाले हमारे गरीब, निर्धन भाइयों को अब सर्वसुविधायुक्त विकसित कॉलोनी के पक्के बहुमंजिला इमारत के फ्लैट्स उनके रहने के लिए उपलब्ध हो गए हैं।

### बालको ने धूमधाम से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने बीआर आंबेडकर स्टेडियम में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया। गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा विविधता, समानता और समावेशिता के प्रतीक स्वरूप एक ट्रांस महिला के नेतृत्व में प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली। इस अवसर पर सीईओ ने सुरक्षा कर्मियों की अनुशासित एवं जोशपूर्ण परेड की सराहना की। समारोह में देशभक्ति का रंग भरते हुए बालको के आसपास स्थित 10 स्कूलों के 1 हजार 900 से अधिक विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विभिन्न नृत्य और कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और साझा विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। बालको द्वारा आकर्षक झांकियों की शोभायात्रा भी निकाली गई। इन झांकियों में पॉटलाइन, पावर, लॉजिस्टिक्स, मानव संसाधन और फायर सेफ्टी सहित विभिन्न व्यावसायिक कार्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। झांकियों ने बालको के कार्यों के साथ-साथ समावेशी विकास और सामूहिक प्रगति के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। भारत की विकास यात्रा में बालको के योगदान की चर्चा करते हुए कंपनी के सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम राष्ट्र निर्माण को एक साझा जिम्मेदारी मानते हैं। कंपनी उत्पादन के साथ ही सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की एल्यूमिनियम इंडस्ट्री के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में, हम अपने औद्योगिक क्षमताओं को सशक्त बनाते हुए सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास को अपने कार्यों का अभिन्न हिस्सा बनाए रखते हैं। समुदायों और साझेदारों के साथ मिलकर कार्य करते हुए हम दीर्घकालिक मूल्य सृजन और भारत की प्रगति में सार्थक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें हमारी 1 मिलियन टन विस्तार योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर गौरव पुरस्कार समारोह में बालकोनगर क्षेत्र के सेंट्रल बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ बोर्ड के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं के दो टॉप विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं 10 हजार नकद राशि प्रदान की गई, जबकि कक्षा 12वीं के दो टॉप विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं लैपटॉप देकर उनके परिजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, परेड और झांकी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली टीमों को भी पुरस्कृत किया गया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के उपरांत सीईओ श्री कुमार ने बालको अस्पताल, में जाकर मरीजों को फल वितरित किया। यह पहल समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति बालको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा में हुआ ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटघोरा में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर गोपाल गोस्वामी द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकगण, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने तिरंगे को नमन कर देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। ध्वजारोहण के पश्चात डायरेक्टर गोपाल गोस्वामी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का संकल्प है। अस्पताल का प्रत्येक चिकित्सक और कर्मचारी इसी भावना के साथ समाज के हर वर्ग को बेहतर एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा में बना कर्मशाला

केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित झांकी प्रदर्शन में सहभागिता की गई। झांकी का मुख्य थीम नारी शक्ति देश भक्ति रहा। इस झांकी प्रतियोगिता में एसईसीएल के कुल 14 एरिया ने भाग लिया। जिसमें केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा ने प्रथम बार आदरणीय महाप्रबंधक बीसी शर्मा के नेतृत्व में सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा ने प्रतियोगिता में चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त कर एसईसीएल को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिया के प्रदर्शन का नेतृत्व दीपक खरे, चिरंजीव मूर्ती एवं टीम द्वारा किया गया।

### पैंगोलिन के संरक्षण को लेकर निकाली गई झांकी, मिला दूसरा स्थान



गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय में कोरबा वन मंडल द्वारा प्रस्तुत की गई भारतीय पैंगोलिन संरक्षण पर आधारित जागरूकता झांकी ने जनमानस का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस झांकी के माध्यम से आम नागरिकों को भारतीय पैंगोलिन के महत्व, उसके पारिस्थितिक योगदान, अवैध शिकार, गैरकानूनी व्यापार तथा वर्तमान खतरों के बारे में प्रभावी संदेश दिया गया। झांकी में पैंगोलिन के प्राकृतिक आवास, उसकी विशिष्ट शल्क कीट नियंत्रण में उसकी भूमिका तथा मानव गतिविधियों से उत्पन्न खतरों को रचनात्मक और शैक्षणिक रूप में दर्शाया गया। साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि वन्यजीवों का संरक्षण ही जैव विविधता और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र की आधारशिला है। इस वर्ष दो ट्रॉफी मिलना वन विभाग के डीएफओ प्रेमलता यादव एवं निशांत कुमार एवं एसडीओ आशीष खेलवार एवं सूर्यकांत सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

### बीकन इंग्लिश स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



बीकन इंग्लिश स्कूल सीएसईबी में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डी सुरेश क्रिस्टोफर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर श्री क्रिस्टोफर ने कार्यक्रम को संबोधित किया। जिसके बाद गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने संगीत की मधुर धुन में सुमधुर प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। कक्षा 11वीं के छात्र अयान खान ने संविधान निर्माण को लेकर भाषण और छात्रा ईशा मसीह ने गीत की प्रस्तुति दी। शिक्षिका मनीषा मसीह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नाटक का मंचन किया। शिक्षक राजेश नंद और रविकांत ने उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में अतिथियों ने वार्षिक खेलकूद के विजेता खिलाड़ियों का मेडल से सम्मान किया। खेलकूद में ग्रीन हाउस विजेता रही।

### डीएवी में मनाया गया गणतंत्र दिवस




डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में गणतंत्र दिवस मनाया गया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर एलकेजी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने देशभक्ति गीतों, लोक नृत्यों और नाटकों के माध्यम से भारत की गौरवशाली संस्कृति और संवैधानिक मूल्यों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने छात्रों को संबोधित किया।

### सेंट्रल वर्कशाप कोरबा ने फहराया तिरंगा



सेंट्रल वर्कशाप कोरबा में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक जीके द्विवेदी द्वारा समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों की उपस्थित में परेड निरीक्षण के बाद ध्वजारोहण किया गया। ततपश्चात महाप्रबंधक जीके द्विवेदी द्वारा अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एसईसीएल, बिलासपुर द्वारा प्रेशित संदेश का वाचन किया गया। श्री द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में सेंट्रल वर्कशाप कोरबा द्वारा वर्तमान वर्ष में प्राप्त उत्पादन लक्ष्य संतोषजनक होना बाताया साथ ही मुख्यालय द्वारा दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि माह मार्च 2026 तक शेष लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हम सभी को और अधिक महेनत करने की आवश्यकता है। उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं भशुभकामना देते हुए कहा कि भारतवर्ष को गणतंत्र दिवस 77 वे वर्ष के उपरांत हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे है। हमारा देश कमशः विकास के मार्ग पर अग्रसर है उद्योग से लेकर प्रत्येक क्षेत्र में हम सभी निरंतर आगे बढ रहे है, हम सभी का यह कर्तव्य है, कि हम इसी प्रकार अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढते रहेगे और देश की एकता और अखंडता को कायम रखते हुए कंधे से कंधा मिलाकर देश की सेवा करेगें।

### साकेत में महापौर राजपूत ने किया ध्वजारोहण



महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इस मौके पर ध्वजारोहण किया तथा गणतंत्र दिवस की अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं नगरवासियों को दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम विश्व के सबसे बडे.लोकतंत्र भारतीय गणराज्य के निवासी है। जहां पर लोकतंत्र अपने सच्चे स्वरूप में विद्यमान है तथा हम सब इस लोकतंत्र के अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में विगत 2 वर्षो में राज्य सरकार ने प्रदेश का तेजी से विकास किया तथा प्रदेश के किसान, मजदूर, श्रमिक, गरीब, महिला, युवा एवं समाज के सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए दर्जनों योजनाए संचालित की, सैकड़ों जनहितकारी निर्णय लिए, जिनके परिणाम स्वरूप प्रदेश के लाखों, करोड़ों लोग इन जनकल्याणकारी निर्णयों से लाभान्वित हुए। विगत 2 वर्ष के दौरान कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए विविध मदों से लगभग 800 करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृति की गई। परिणाम स्वरूप निगम क्षेत्र में विकास को नई ऊर्जा मिली तथा क्षेत्र की जनता जनार्दन की इच्छा, मांग व उनकी आवश्यकता के अनुरूप विकास को गति व दिशा दी गई। इस अवसर पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण व निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### अग्रसेन भवन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मना गणतंत्र दिवस



अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल के द्वारा राष्ट्रध्वज फहराने एवं राष्ट्रगान के साथ की गई। इस अवसर पर अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सभी बच्चों, अभिभावकों और आयोजक को संबोधित किया। अंत में सभा की ओर से सभी अतिथियों, कलाकारों,बच्चों एवं सहयोगियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संरक्षक कृष्ण कुमार मित्तल, रामनाथ सिंघानिया, बजरंग अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश बंसल, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, रमेश भवानी, अनिल अग्रवाल, मनोज बंसल, रमेश मित्तल,घांसिराम अग्रवाल,बजरंग अग्रवाल, विजय अग्रवाल, लखन मितल, मुकेश अग्रवाल, शिव केडिया सहित अग्रवाल सभा, महिला मंडल व नवयुवक मडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### एसईसीएल मुख्यालय में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर स्थित वसंत विहार ग्राउंड में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमा, अनुशासन एवं देशभक्ति के वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने परेड कमांडर वरिष्ठ सुरक्षा निरीक्षक डीपी दिवाकर एवम सुरक्षा निरीक्षक जाकिर हुसैन के नेतृत्व में आयोजित मुख्य परेड का निरीक्षण किया, परेड निरीक्षण के समय मुख्य अतिथि के साथ एसईसीएल सुरक्षा प्रमुख व्ही दक्षिणामूर्ति उपस्थित रहे। परेड में एसईसीएल सुरक्षा विभाग के दो प्लाटून का नेतृत्व चमरु एवम प्रकाश द्विवेदी ने किया। डीएवी स्कूल से प्लाटून क्रमांक 3 का नेतृत्व लांस कार्पोरल आरुष यादव, प्लाटून क्रमांक 4 सार्जेंट श्रीया सिंह, प्लाटून क्रमांक 5 का नेतृत्व सार्जेंट जिज्ञाशा ठाकुर एवं प्लाटून क्रमांक 6 का नेतृत्व कार्पोरल अभिजित भंडारी ने किया। परेड में बैंड प्लाटून का नेतृत्व सूबेदार मेजर बेनी प्रसाद ने किया। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (तकनीकी संचालन), बिरंची दास, निदेशक (मानव संसाधन), डी सुनील कुमार, निदेशक (वित्त), हिमांशु जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) तथा रमेश चंद्र महापात्र, निदेशक (तकनीकी योजना/परियोजना) शामिल रहे।

### कटघोरा विधायक ने किया ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्वामी आत्मानंद शासकीय स्कूल परिसर में आयोजित किया गया, जहाँ कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह के दौरान विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस वर्ष समारोह का विशेष आकर्षण पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत ऑपरेशन सिंदूर विषयक भावनात्मक नाट्य प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया और देशभक्ति की भावना को और सशक्त किया।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### केपीएल में...

बनाए गए हैलीपेड पर उतरा। विगत दो दिवस में गौतम अदानी ने यूपी के मिर्जापुर, एमपी के अनूपपुर और छत्तीसगढ़ स्थित पावर प्लांटों का जिस तरह से दौरा किया है वो बताता है कि समूह का खासा फोकस पावर बिजनेस पर है। संयंत्र निरीक्षण के दौरान गौतम अदानी का एक अलग ही रूप देखने को मिला। वे प्रोटोकॉल से हटकर सीधे आम कर्मचारियों के बीच पहुंचे, उनसे रूबरू हुए और चर्चा की।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं केशव अग्रवाल पिता श्री महाबीर प्रसाद अग्रवाल ग्राम कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. पिन. नं. 495445 यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम केशव कुमार अग्रवाल पिता श्री महाबीर प्रसाद अग्रवाल रख लिया हूँ अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम केशव कुमार अग्रवाल पिता श्री महाबीर प्रसाद अग्रवाल से ही जाना व पहचाना जावे।

**केशव कुमार अग्रवाल**
**निवासी- कटघोरा**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
**पिन नं. 495445**






## खबर संक्षेप



### किसान मेला कटघोरा का नपा अध्यक्ष ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**कटघोरा।** नगर में आयोजित किसान मेला कटघोरा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर नगरवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। किसान मेले का आयोजन किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए जानकारी, मनोरंजन और खरीदारी का एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि किसान मेला न केवल किसानों को नई तकनीक, उन्नत कृषि साधनों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का माध्यम है, बल्कि नगरवासियों के लिए भी यह एक पारिवारिक और सामाजिक उत्सव है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ सशक्त होती हैं। किसान मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण, बीज, खाद, पशुपालन, कृषि यंत्र और नवाचारों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। किसान मेले में विभिन्न स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें कृषि उपकरण, खाद-बीज, घरेलू उपयोग की वस्तुएँ, हस्तशिल्प सामग्री, खानपान एवं मनोरंजन के साधन शामिल हैं। बच्चों और महिलाओं के लिए भी विशेष आकर्षण का प्रबंध किया गया है, जिससे मेला सभी वर्गों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### अखबार वितरक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** डिजिटल युग की चुनौतियों के बीच पारंपरिक पत्रकारिता और उससे जुड़े रोजगार को बचाने के लिए छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने पहल की है। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में दैनिक समाचार पत्रों की उपलब्धता अनिवार्य करने की मांग को लेकर संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने तर्क दिया कि अखबार केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान का सबसे विश्वसनीय स्त्रोत हैं। स्थानीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय घटनाओं तक की सटीक जानकारी विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य है। साथ ही, शासकीय कार्यालयों में अखबारों की मौजूदगी से अधिकारी और कर्मचारी समसामयिक विषयों और सरकारी नीतियों से अपडेट रह सकेंगे। संघ की मांग है कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में कम से कम दो दैनिक समाचार पत्र मंगवाए जाएं, स्कूलों और कॉलेजों के पुस्तकालयों में छात्रों के लिए अखबारों की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी हों एवं अखबार वितरण से जुड़े लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार सुरक्षा दी जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, संयोजक तपेश्वर राठौर एवं राय सिंह सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंतिम दिनों में किसानों को धान बेचने में न हो परेशानीः दूदावत

**कोरबा।** कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में जिलें में संचालित फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के शेष दिनों में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, सतर्कता और समन्वय के साथ बिना किसी प्रकार की गड़बड़ी के संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारियों, खाद्य व सहकारिता विभाग समेत खरीदी व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने स्पष्ट किया कि धान बेचने आने वाले छोटे एवं शेष किसानों का सत्यापन शीघ्र कराकर उनका टोकन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासन के दिशा-निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन और खरीदी केंद्रों में सुचारू व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने भारत सरकार द्वारा संचालित जी-रामजी योजना के प्रावधानों के अनुसार मनरेगा के अधूरे कार्यों को 15 मार्च तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# बैंक हड़ताल से ठप रहा कामकाज, प्रभावित हुआ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आहवान पर जिले के सभी सरकारी बैंक के कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर चले गए। बैंक यूनियनों ने साफ किया है कि पांच दिन काम की व्यवस्था लागू होने से काम के घंटे कम नहीं होंगे। कर्मचारी सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना करीब 40 मिनट अतिरिक्त काम करने को तैयार हैं। यूनियन की हड़ताल से बैंकों का कामकाज जहां ठप्प रहा वहीं वित्तीय लेनदेन एवं कारोबार प्रभावित होगा।

यूनियनों की मुख्य मांग है कि बैंकों में भी सप्ताह में पांच दिन काम और दो दिन छुट्टी की व्यवस्था लागू की जाए। यूएफबीयू का कहना है कि मार्च 2024 में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ हुए वेतन संशोधन समझौते में सभी शनिवारों को छुट्टी देने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। इसी देरी के विरोध में बैंक कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं। वर्तमान में बैंक कर्मचारियों को हर महीने दूसरे और चौथे शनिवार को ही छुट्टी मिलती है। इसके अलावा बाकी शनिवारों में बैंकों में कामकाज होता है, जिससे महीने में दो हफ्ते कर्मचारियों को छह दिन काम करना पड़ता है। यूनियनों का कहना है कि यह व्यवस्था अब समय के साथ उचित नहीं रह गई है। इस हड़ताल में देशभर के सभी प्रमुख सरकारी बैंक शामिल होंगे, जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, इंडियन बैंक सहित अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। कई शहरों में पहले से ही बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं और चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा।

### निजी बैंक रहे हड़ताल से अलग

**खास बात**

- पांच दिन का सप्ताह करने की मांग को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर



## सैनिक के पास मिला तीन पेज का सुसाइड नोट, प्रताड़ना के गंभीर आरोप

# बर्खास्त नगर सैनिक ने की आत्महत्या की कोशिश सैनिकों ने काम किया ठप, जिला सेनानी रायपुर अटैच



प्रदर्शन कर रहे नगर सैनिकों को समझाइश देते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक।



अस्पताल में भर्ती सैनिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के नगर सेनानी में नगर सेना (होमगार्ड) के एक जवान ने कथित बर्खास्तगी और मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर गणतंत्र दिवस के दिन जहर सेवन कर लिया, जिससे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं दूसरी ओर उसके बेहतर इलाज हेतु रायपुर स्थित एम्स रेफर कर दिया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। वहीं इस घटना व जिला सेनानी पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जिले के सैंकड़ों नगर सैनिकों ने कामबंद करते हुए रिस्दी रोड स्थित अपने मुख्यालय में अपने विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है। वहीं घटना के बाद जिला सेनानी को हटा दिया गया है लेकिन नगर सैनिकों का कहना है कि जब तक उनके बर्खास्त साथी का बहाल नहीं होता तब उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।



पीड़ित सैनिक

**खास बात**

- प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने सैनिकों को दी समझाईश

उल्लेखनीय है कि बालको निवासी नगर सैनिक संतोष पटेल को कुछ समय पहले ही नौकरी से बर्खास्त किए जाने को लेकर मानसिक तनाव में था। इसी तनाव के चलते उसने जहर का सेवन कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने जब उसकी हालत बिगड़ती देखी तो तत्काल प्रशासन और पुलिस को सूचना दी गई। आनन-फानन में उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज शुरु किया गया और बेहतर इलाज के लिए रायपुर एम्स रेफर कर दिया गया था। घटना के दूसरे दिन मंगलवार को जिलेभर के नगर सैनिक अपने अपने कार्यस्थल से सीधे रिस्दी रोड स्थित नगर सेना व अग्निशमन के मुख्यालय जा पहुंचे और जमीन पर बैठकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसमें मुख्य रुप से जिला सेनानी कुमार एक्का को हटाने व बर्खास्त किये गये नगर सैनिक संतोष पटेल की बहाली सहित अन्य मांग शामिल था। नगर सैनिकों के द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस महकमे में हड़कंप मचा और प्रदर्शन कर रहे सैनिकों को समझाने के लिए देवेंद्र पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे सैनिकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। शाम को इस मामले में जिला सेनानी के पद पर पदस्थ कुमार एक्का को कोरबा से हटाकर केंद्रीय प्रशिक्षण संस्था नगर सेना माना कैंप रायपुर संबंद्ध किया गया है। श्री एक्का के प्रशिक्षण संचालन के दौरान जिला कोरबा के प्रशासनिक कार्य के लिए जिला जांजगीर चांपा के जिला सेनानी सुश्री योगिता साहू को जिला में पदस्थ किया गया है लेकिन वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन कर हे सैनिकों का कहना है कि उनका आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है जब तक बर्खास्त सैनिक को बहाल नहीं किया जाता तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

### पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पहुंचे धरनास्थल



जिला सेनानी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे सैनिकों के संबंध में जैसे ही इसकी सूचना पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को मिली तो श्री अग्रवाल मंगलवार की दोपहर रिस्दी रोड स्थित जिला सेनानी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे सैनिकों के पास मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों से सीधे संवाद करने के लिए जमीन पर बैठ गए और उनकी समस्याएं सुनीं और पूरे मामले को गंभीर बताते हुए प्रशासनिक स्तर पर तत्काल चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी की प्रताड़ना से तंग आकर एक नगर सैनिक द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया गया, जिससे नगर सैनिकों में भारी रोष है। इसी घटना के विरोध में नगर सैनिक वरिष्ठ अधिकारी को हटाने, बर्खास्त जवान की बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। उन्होंने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से इस मामले में चर्चा की है। बातचीत के दौरान यह जानकारी दी गई कि बर्खास्त नगर सैनिक की जल्द बहाली की जाएगी।

### तीन पेज का मिला सुसाइड नोट, लगाया गंभीर आरोप

पुलिस ने पीड़ित नगर सैनिक संतोष पटेल के पास से एक तीन पेज का सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसने मामले को और गंभीर बना दिया है। सुसाइड नोट में संतोष पटेल ने डिविजनल कमांडेंट और कोरबा कमांडेंट पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उसने लिखा है कि उसे लगातार दबाव में रखा जा रहा था और बिना उचित सुनवाई के उसे बर्खास्त किया गया है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान होकर आत्मघाती कदम उठाने का जिक्र किया है। उल्लेखनीय है कि जिले में पदस्थ जिला सेनानी के खिलाफ लंबे समय से जिले के नगर सैनिक कई बार प्रदर्शन कर चुके थे। सैनिकों का आरोप था कि जिला सेनानी श्री एक्का द्वारा लगातार उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

# मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर कर रहे थे स्टंटबाजी, 9 खिलाफ कार्रवाई



कार्यवाही करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गणतंत्र दिवस के दिन कुछ युवक अपने मोटर साइकिल का साइलेंसर खोलकर शहर में फरार्टे भरते हुए स्टंटबाजी कर रहे थे। यातायात पुलिस ने ऐसे युवकों की गाड़ी पकड़कर जमकर सबक सिखाया है। पुलिस ने कुल 9 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की है।

**खास बात**

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने की थी घेराबंदी

जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को शहर की यातायात व्यवस्था एवं सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न थाना, चौकियों एवं यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर लगाने वाले वाहन चालकों पर विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर देर शाम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल, यातायात सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम ने फरार्टे भर रहे बाइक चालकों की शहर के अलग अलग चौक चौराहों में घेराबंदी की। जहां अभियान का मुख्य उद्देश्य उन मोटरसाइकिल चालकों पर कार्रवाई करना था जो तेज गति से वाहन चला रहे थे, लापरवाह ड्राइविंग एवं खतरनाक स्टंट कर रहे थे, तथा तेज आवाज वाले मॉडिफाई साइलेंसर के माध्यम से शहर में उपद्रव फैला रहे थे। कार्यवाही के दौरान कुल 9 प्रकरण दर्ज किए गए जिनमें यातायात पुलिस के द्वारा 7 प्रकरण, थाना सिविल लाइन रामपुर के द्वारा 2 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि दोबारा उपद्रव मचाने वालों पर और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें वाहन ज़ब्ती और जेल की सजा भी शामिल होगी।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 30 तक

**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम भदरापारा उतरदा में 24 से 30 जनवरी तक आयोजित की गई है। शिविर के तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा का विषय भारती संविधान और हमारा दायित्व रहा, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जेबीडी महाविद्यालय कटघोरा ने उक्त विषय में स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी स्वयं सेवक को संविधान के भाग, सूची और अनुच्छेदों के बारे विशेष रूप से प्रकाश डाला। जिला संगठक डॉ वाईके तिवारी ने छात्र छात्राओं को एनएसएस के नियमों को पालन कर, आपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दिया।

# बैठक के दिन ही दी जाती है पिछली बैठक की कार्रवाई विवरण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक बुधवार को आयोजित की जाएगी। बैठक में कार्यवाही विवरण को लेकर जिला पंचायत के द्वारा की जाने वाली हिलहवाला का मुद्दा उठेगा। पिछली सामान्य सभा की कार्यवाही विवरण की जानकारी सदस्यों को अगली सामान्य सभा बैठकी जानकारी बैठक के दिन ही दी जाती है इससे कार्यवाही विवरण की समीक्षा करने का समय सदस्यों को नहीं मिल पाता।

**खास बात**

- आज होगी जिला पंचायत की सामान्य सभा, उठेगा मुद्दा

बुधवार को होने वाली सामान्य सभा की बैठक में 7 एजेंडों पर चर्चा होगी। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य एजेंडों पर भी चर्चा की जाएगी। सामान्य सभा की बैठक में सदस्यों के द्वारा जो एजेंडे उठाए जाते हैं उनपर होने वाली कार्यवाही का विवरण बैठक का बाद देने का नियम है लेकिन देखने में यह आ रहा है कि कार्यवाही विवरण की जानकारी बैठक के बाद नहीं दी जाती। अपितु जब नई बैठक की तिथि आती है उस दिन बैठक के समय ही सदस्यों को पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण की जानकारी से अवगत कराया जाता है। सांसद प्रतिनिधि प्रसाद मिश्रा के अनुसार सदस्य जिन एजेंडों पर चर्चा बैठक में करते हैं उन पर क्या और किस तरह की कार्यवाही हुई है इसकी जानकारी बैठक के बाद दिया जाना चाहिए लेकिन ऐसा न होकर जिस दिन दूसरी बैठक होती है उस दिन अवगत कराया जाता है। जिन एजेंडों में बुधवार को चर्चा होगी उन एजेंडों की जानकारी जिला पंचायत के सदस्यों सहित विधायक व सांसद प्रतिनिधियों को भेज दी गई है।

### इन एजेंडों पर होगी चर्चा

0 महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पोषण संबंधी एवं रेडी टू ईट की समीक्षा।
0 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत दो वर्ष के निर्माण कार्यों की समीक्षा।
0 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अप्रारंभ एवं प्रगतिरथ कार्य।
0 खाद्य विभाग अंतर्गत पीडीएस वितरण की समस्या।
0 मनरेगा अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कार्यों की समीक्षा।
0 गौड़ खनिज अंतर्गत ग्राम पंचायतों को राशि जारी एवं लंबित राशि की समीक्षा

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नर्सरी स्कूल में बच्चों को प्रवेश दिलाने से उत्पन्न हुई समस्या

# शहरी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में घट रही बच्चों की उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के हर हिस्से में खुल रहे नर्सरी स्कूलों की वजह से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति दर्ज संख्या के अनुरूप नहीं हो रही है, रिकार्ड में बच्चों के नाम योजनाओं का लाभ लेने दर्ज है। लेकिन उनके अभिभावक उनका दाखिला नर्सरी स्कूल में करा देते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी बच्चों की उपस्थिति को लेकर यह बात स्वीकारती हैं।

**खास बात**

- शहर के लगभग हर वार्ड में खुले हैं नर्सरी स्कूल

जिले में 2520 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इनमें शहरी क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी परियोजना अंतर्गत संचालित केन्द्रों में बच्चों की संख्या दर्ज जरूर रहती है, लेकिन उनकी उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने के कारण आंगनबाड़ी केन्द्र खाली नजर आते हैं। महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत 10 परियोजनाओं के अंतर्गत केन्द्र का संचालन किया जाता है। जिनके मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी परियोजना अधिकारियों पर निर्भर रहती है। नगरीय निकाय क्षेत्र में शहरी परियोजना अंतर्गत 150 आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन किया जाता है। जहां बच्चों की संख्या रिकार्ड में जरूर 25 से 30 लगभग दर्ज रहती है, लेकिन उपस्थिति अधिकांशतः 15 से 20 के बीच नजर आती है। पूरक पोषण आहार सहित अन्य पौष्टिक आहार के लाभ के लिए अभिभावक नाम जरूर दर्ज करा देते हैं, लेकिन क्षेत्र में चलने वाले नर्सरी स्कूल में उनका दाखिला करा देते हैं। यही कारण है कि बच्चे केवल पौष्टिक आहार का लाभ लेने केन्द्र पहुंचते हैं। ऑनलाईन अटेंडेंस शुरू होने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ही अडेंडेंस हो रही है जबकि बच्चों के उपस्थित के संबंध में कोई नीति नहीं होने से उनकी गणना नहीं हो पाती।



फाइल फोटो

### नहीं नजर आती मॉनिटरिंग

दस परियोजनाओं अंतर्गत चलने वाले ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की उपस्थिति अभिभावकों के द्वारा रुचि नहीं लिए जाने की वजह से एवं कार्यकर्ताओं के उपर अन्य शासकीय योजनाओं के कार्यों का दबाव होने के कारण बच्चों को घर से आंगनबाड़ी केंद्र लाने का पर्याप्त समय नहीं मिलने की वजह से कार्यकर्ता बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित भी नहीं कर पाती केवल टीकाकरण के दिन ही बच्चों की ज्यादा उपस्थिति दिखती है अन्य दिनों में उपस्थिति कम रहने के बावजूद मध्यान्ह भोजन रिकार्ड में दर्ज बच्चों की संख्या के अनुरुप ही बनता है।

